।। आदेश ।।

निदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 15.07.2024 को अपराहन 2 बजे जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 16.07.2024 को जनपद में कहीं–कहीं भारी वर्षा/ कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर होने की सम्भावना व्यक्त की गई है तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी, पौड़ी के द्वारा प्रेषित पत्र संख्या–विविध/मैमो/2024–25 दिनांक 15.07.2024 के क्रम में जनपद गढ़वाल में मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान/चेतावनी के मध्यनजर छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत दिनांक 16 जुलाई, 2024 (मंगलवार) को जनपद के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 01 दिवस का अवकाश घोषित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के दृष्टिगत तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी, पौड़ी के द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में दिनांक 16 जुलाई, 2024 (मंगलवार) को जनपद पौड़ी क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाएं) एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे तथा प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, समस्त शैक्षणिक एवं मिनिस्ट्रियल/अन्य कार्मिक निर्धारित समयानुसार अपने–अपने विद्यालयों/कार्यालयों में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(डॉ0 आशीष चौहान)
जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
गढ़वाल।

।। कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गढ़वाल ।।

E-mail-pauriddma@gmail.com/Phone-01368-221840, 222424

संख्या– 154 /13–आ0प्र0प्रा0/2024–25 दिनांक पौड़ी 15 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त महोदय,गढ़वाल मण्डल को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद गढ़वाल।
3– मुख्य शिक्षा अधिकारी, पौड़ी।
4– जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक/बेसिक), पौड़ी।
5– जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, पौड़ी।
6– जिला सूचना अधिकारी, पौड़ी।

जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
गढ़वाल।